देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर – 452 001

क्र. डी.सी.डी.सी. / सूचना / 2024 / 775 दिनांक 07 MAR 2024

प्रति

प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संम्बद्ध
समस्त अशासकीय महाविद्यालय
जिला– इन्दौर, धार ,झाबुआ,खारगोन ,खण्डवा ,बुरहानपुर ,बड़वानी ,अलीराजपुर।

विषयः प्रदेश में संचालित अशासकीय महाविद्यालयों को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार अचल सम्पत्ति की शर्त की पूर्ति करने तक सम्बद्धता जारी करने पर रोक लगाने बाबत्।

सन्दर्भः आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र. शासन भोपाल का पत्र कमांक 127 / 60 / आउशि / सम्बद्धता / 24 दिनांक 20 / 02 / 2024

महोदय / महोदया

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र में सूचित किया गया है, कि प्रदेश में नवीन अशासकीय महाविद्यालयों को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1918 / 368 / आउशि / सम्बद्धता / 19 दिनांक 10 / 01 / 2020 द्वारा प्रदेश में अशासकीय महाविद्यालयों के संचालन संबंधी जारी मार्गदर्शिका के बिन्दु 13 के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति में तीन वर्ष की छूट के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किये गये थे।

मार्गदर्शिका में नवीन अशासकीय महाविद्यालयों हेतु अचल सम्पति के संबंध में यह प्रावधान है कि नगरीय क्षेत्र में 02 एकड़ भूमि तथा पंचायत क्षेत्र में 05 एकड़ भूमि समित्ति / ट्रस्ट कम्पनी के नाम से पाँच किलोमीटर की परिधि में होना आवश्यक है।

कतिपय नवीन अशासकीय महाविद्यालयों को अचल सम्पत्ति में तीन वर्ष की छूट के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किया गया था, लेकिन तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् भी शर्त की पूर्ति नहीं की गई है।

अतः सत्र 2020–21 से संचालित अशासकीय महाविद्यालय जिन्हें अचल सम्पत्ति में 3 वर्ष की छूट के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था, ऐसे महाविद्यालय तत्काल आयुक्त उच्च शिक्षा से उक्त शर्त की पूर्ति का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करे, अन्यथा सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता पर रोक लगा दी जायेगी।

भवदीय
(हस्ताक्षर)
कुलसचिव

पृष्ठा क. डी. सी. डी. सी. / सूचना / 2024 / 775 दिनांक 07 MAR 2024

प्रतिलिपिः–

1कुलपति जी के सचिव देवी अहिल्या वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2 कुलसचिव जी के निजी सहायक, देवी अहिल्या वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3.विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र कमांक 127 / 60 / आउशि / सम्बद्धता / 24 दिनांक 20 / 02 / 2024 के संबंध में सूचनार्थ प्रेषित।
4. उप–कुलसचिव(प्रशासन / शैक्षणिक) देवी अहिल्या वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. हेड आई.टी. सेन्टर खण्डवा रोड इन्दौर से नीवेदन है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषीत।

(हस्ताक्षर)
डी.सी.डी.सी.